# पंचायत ने आनन-फानन में गिरवाया मटेरियल

## काम किए बिना ही सात माह पूर्व निकाले 1 लाख 38 हजार रूपए , अब कार्यस्थल पर गिरवाया रेत,गिट्टी सहित अन्य मटेरियल

### ख़बर प्रकाशन के बाद हरकत में आये ग्राम पंचायत बिजना के जिम्मेदार

**गणेशगंज नवभारत। जनपद पंचायत लखनादौन अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बिजना में सरपंच सचिव की मिलीभगत से काम किए बगैर ही सीसी सड़क निर्माण कार्य के नाम पर सात माह पूर्व करीब 1 लाख 38 हजार रूपए की राशि निकाल ली गई। इस अनियमितता की खबर मिलते ही नवभारत ने मामले में गंभीरता दिखाते हुए ख़बर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशन होते ही सरपंच सचिव ने आनन फानन में कार्यस्थल पर रेत,गिट्टी सहित अन्य मैटेरियल गिरवाया ताकि सात माह पूर्व की गई धोखाधड़ी पर पर्दा डाला जा सके।**

नव भारत खबर का असर



भ्रष्टाचार मामले में सुर्खियां बटोर ग्राम पंचायत बिजना

सरपंच-सचिव की मिलीभगत से 1 लाख 38 हजार रुपए की राशि फर्जी तरीके से बिना कार्य किए निकाली गई




### भोलेभाले समझकर की जा रही मनमानी

ग्राम पंचायत बिजना में अधिकतम संख्या गरीब आदिवासी भोलेभाले परिवारों की है जो पंच उपसरपंच जैसे पदो पर भी है जिन्हें सचिव द्वारा बैठक कर हो रहे कार्यों की जानकारी नहीं दी जाती ऐसा आरोप लगते देखा जा रहा है। वही कारण है कि उनके अतिरिक्त अन्य ग्रामवासी भी ज्यादा नही समझ पाते और न ही उतने जागरूक है जिसका सीधा फ़ायदा सरपंच, सचिव सहित अन्य मालामाल हो रहे है। लेकिन सरपंच सचिव शायद बार बार ये भूल जाते है की अब आने वाली युवा पीढ़ी को बेवकूफ बनाया जाना उतना आसान नहीं है। आज पंचायत की यह करतूत का भंडा फोड़े जाने में स्थानीय जागरूक युवाओं का विशेष योगदान रहा है। यह बात अब उन्हें शीघ्र ही समझ लेना चाहिए। ताकि आगे ऐसी गतिविधि करने के पूर्व भविष्य के परिणाम के बारे में सोचा जा सके।

#### इनका कहना है



सीसी सड़क निर्माण कार्य हेतु 3 लाख 45 हज़ार रुपए की स्वीकृति हुई है। जिसमें रेत गिट्टी अन्य मैटेरियल के लिए मात्र 72,200 रूपए हमारे द्वारा निकाला गया था। वहां हुए विवाद के चक्कर में काम नहीं लगा पाए थे। मैं भी वही हूं सरपंच भी वही है हम रोड़ का पूरा काम करके देंगे यदि हमने पूरा पैसा निकाला होता तो हम दोषी होते।

**राधेश्याम शिवबेदी, प्रभारी सचिव ग्राम पंचायत बिजना**

# जिम्मेदार पदों पर महिलाएं फिर भी महिलाओं को शर्मिंदगी

## छपारा बस स्टैंड पर 12 साल से सुलभ शौचालय बनाए जाने का इंतजार

**छपारा नवभारत।** सिवनी जिले की नगर परिषद छपारा में विकास के बड़े-बड़े दावों के बीच एक कड़वी सच्चाई मुंह बाए खड़ी है। विडंबना यह है कि जिस नगर की कमान पूरी तरह से महिला शक्ति के हाथों में है, वहां की महिलाएं ही बस स्टैंड पर एक अदद सुलभ शौचालय के लिए भटक रही हैं।



### नगर परिषद नहीं ले रही सुध

वर्तमान में नगर परिषद छपारा में अध्यक्ष (श्रीमती निशा सुरेश पटेल), सीएमओ (श्रीमती गीता बाल्मिक), क्षेत्रीय पार्षद (श्रीमती सोनल श्रीवात्री) और सिवनी जिला कलेक्टर (श्रीमती शीतला पटले) सभी महिला हैं। इसके बावजूद, नगर के मुख्य बस स्टैंड पर महिलाओं के लिए मूलभूत सुविधा यानी शौचालय तक की व्यवस्था नहीं है। नगरवासी और व्यापारी पिछले 12 वर्षों (वर्ष 2014) से लगातार सुलभ प्रसाधन केंद्र की मांग कर रहे हैं।

### 12 सालों से सिर्फ आश्वासन

ग्राम पंचायत से नगर परिषद बनने के साढ़े तीन साल बाद भी स्थिति ज्यों की त्यों है। करोड़ों रुपये के विकास कार्य हो रहे हैं, लेकिन इस जरूरी समस्या पर जिम्मेदार अधिकारी पल्ला झाड़ लेते हैं।

### यात्रियों और महिलाओं को होती है भारी परेशानी

प्रतिदिन बस स्टैंड पर सैकड़ों की संख्या में यात्री और निजी वाहनों से लोग पहुंचते हैं। इनमें बड़ी संख्या महिलाओं की होती है, जो प्रसाधन सुविधा न होने के कारण इधर-उधर भटकने को मजबूर होती हैं और उन्हें शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है।

### जल्द बने सुलभ शौचालय

नगर के व्यापारियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने जिला प्रशासन और नगर परिषद से मांग की है कि महिलाओं की गरिमा को ध्यान में रखते हुए बस स्टैंड परिसर में जल्द से जल्द एक मर्यादा परिसर (सुलभ शौचालय) स्थापित किया जाए।

## एक नजर में



### छपारा पेंशनर संघ ने मनाया पेंशन गौरव दिवस

छपारा। म.प्र. पेंशनर एसोसिएशन की छपारा ब्लाक शाखा द्वारा आज 21 दिसंबर दिन रविवार को स्थानीय खैर माई मंदिर प्रांगण में पेंशन (गौरव) दिवस मनाया गया जिसमें भारी संख्या में पेंशनर उपस्थित हुए। संघ द्वारा पेंशनरों में जिसने 80 वर्ष व 80 वर्ष से अधिक हो चुके पेंशनरों का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। संघ द्वारा समस्त पेंशनरों से प्रत्येक माह की बैठक में उपस्थित होने की अपील की गई जिससे आने वाले समय में और भी कार्यक्रम आयोजित किए जा सके और संघ मजबूत बना रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पेंशनर संघ अध्यक्ष देवी सिंह सिसोदिया,बनवारी लाल तिवारी,दलबीर बंजारा,रामस्वरूप शिववेदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




### नि:शुल्क शिविर में 62 यूनिट रक्त संग्रह

उगली। सिवनी जिले के जनपद पंचायत केवलारी अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उगली में शनिवार, 20 दिसंबर 2025 को एक विशाल नि:शुल्क स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। इस रक्तदान शिविर में कुल 62 यूनिट रक्त संग्रह किया गया, जो क्षेत्र के लिए एक सराहनीय उपलब्धि है। विशेष बात यह रही कि शिविर में 5 महिलाओं ने भी स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का आयोजन कनक एजुकेशन एंड वेलफेयर फाउंडेशन, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल उगली, अखिल विश्व गायत्री परिवार, विकास स्पोर्ट क्लब उगली, हिंदू उत्सव समिति पांडिया छपारा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उगली के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर सुरक्षित रूप से रक्त संग्रह किया गया। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं अल्पाहार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

### पुलिस ने ध्यान दिवस पर मेडिटेशन योग किया



छपारा। 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस वर्ल्ड मेडिटेशन डे के विशेष अवसर पर मध्य प्रदेश पुलिस के महानिदेशक के निर्देशों पर रविवार सुबह 10:00 बजे छपारा पुलिस स्टाफ ने थाना परिसर स्थित वॉलीबॉल मैदान में विश्व ध्यान दिवस पर मेडिटेशन योग किया वहीं योग से जहां पूरे विश्व में प्रमाणित हो चुका है कि प्रतिदिन कुछ मिनटों तक योग करने से मानसिक स्वास्थ्य बेहतर और तनाव मुक्त रखने में मदद मिलती है वहीं पुलिस बल द्वारा योग अभ्यास किए जाने की पहल से पुलिस की व्यस्त और चुनौती पूर्ण जीवन शैली में मानसिक शांति लाना और तनाव कम करने और निर्णय लेने की क्षमता में सुधार करने के उद्देश्य से उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# मिनी स्टेडियम बनेगा फिल्टर ग्राउंड

**पार्षद सहित खेल प्रेमियों ने किया आभार व्यक्त**



**सिवनी नवभारत।** शहर का फिल्टर ग्राउंड अब मिनी स्टेडियम के नाम से जाना जाएगा। जिसके लिए राशि स्वीकृत हो गई। बहु प्रशिक्षित इस मांग को विधायक दिनेश राय मुनमुन ने शासन स्तर पर स्वीकृति प्राप्त कर ली है।

किदवई वार्ड के पार्षद चंदन सिंह खताविया ने बताया कि वार्ड एवं शहर के खेल प्रेमियों द्वारा विधायक दिनेश राय मुनमुन से फिलटर ग्राऊंड पर मिनी स्टेडियम की मांग रखी गई थी ।जो विधायक ने पूरी कर दी । किदवई वार्ड (पार्षद) समस्त वार्ड वासियो एवं खेल प्रेमियों की ओर से विधायक का आभार माना गया। श्री खाताबिया ने कहा कि जब भी मैने विधायक से वार्ड विकास के लिए जो भी मांग की वो विधायक ने बगैर भेद भाव के पूर्ण की। चाहे रेवती नगर मंदिर के निर्माण की राशि हो या छात्रा वास ,उन्नन हाईस्कूल ,गंगा नगर स्कूल, हो चाहे मिनी स्टेडियम सभी कामो के लिए श्री राय ने राशि दी। पार्षद चंदन सिंह खताबिया एवं खेल प्रेमी पवन मेंहदीदत्ता, कमल माना ठाकुर, संदेश तिवहन,सुशील ठाकुर, नीरू निर्मलकर,अभिनेश शुक्ला, सतीश चिंटोले, हिटलर ,गन्नू माना ठाकुर, अप्पू बघेल, रोहित ,अनील कस्यप, अंकुश, मनीष सोनी,मोनू ठाकुर, मोंटू ठाकुर, कन्हैया, राज मर्सकोले ,संदीप माना ठाकुर, अरशद हुसैन,संकू माना, देवदत्त माना ठाकुर, रिंकू, कुलदी परमार, दानू, शिव सौलंकी, नवीन विश्वकर्मा, रवि, नितिन बेदी,बसंत बघेल, कुलदीप, तन्नू श्रीवास, जित्तु शुक्ला, अजय ठाकुर, रोहित, मोनू, शैलेंद्र, सुजल, अजय सुनील सनोडिया, सनोडिया, नरेंद्र, शमी, आसू माना, निलेश,गोविंद डहेरिया, नरेन्द्र ठाकुर एवं लोकेश ने मिनी स्टेडियम के लिए आभार व्यक्त किया है।



# खुद के खर्च पर पन्नी बिछाकर पानी ले रहे किसान, सिंचाई विभाग मौन

**सिवनी नवभारत।** सिवनी जनपद पंचायत धनोरा अंतर्गत चन्देनी के किसानों ने बताया कि माईनर जिसका निर्माण डेम के साथ ही हुआ था, जिसमे लगभग 600 मीटर की लम्बाई मे जमीन से5से7फिट की ऊचाई पर मिट्टी की पुराई करके बनाई गई थि,जिससे मिट्टी बैठ चुकी है। इसी के बीच में रोड के कारण साईफन बनाया गया है जिसकी दीवारे फट गई हैं, गिरने वाली है। किसान भारत उइके, दशरथ उइके,नन्हू, पप्पू, महमूद खान, आबिद खान, साबिर खान,नूर मोहम्मद, सुरेन्द्र सल्लाम, सुरेश सल्लाम, पूर्व सरपंच जीवन लाल, अलीम खान, रोशनलाल,सभी ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्माण से लेकर आज तक कोई काम नहीं हुआ है जिसके कारण परेशान किसानों स्वयं के खर्च से हर वर्ष 40से45किलो पन्नी जर -जर नहर मे बिछाकर लगभग 3 किलोमीटर से पानी लाते है।

### हड्डी गोदाम क्षेत्र में पाइप लाइन विस्तार की मांग

सिवनी। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत हड्डी गोदाम, भगत सिंह वार्ड सिवनी में पेयजल की गंभीर समस्या सामने आ रही है। क्षेत्र की गली नंबर 05 तक जल आवर्धन योजना के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है, लेकिन आगे की गलियों में अब तक पाइप लाइन नहीं पहुंचने के कारण सैकड़ों परिवारों को स्वच्छ पेयजल से वंचित रहना पड़ रहा है। शुक्रवार को एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष शादाब पटेल एवं नगर अध्यक्ष कलीमुद्दीन मौलाना के नेतृत्व में नगर पालिका पहुंचे वार्डवासियों ने बताया कि क्षेत्र में लगभग 200 परिवार निवासरत हैं। पाइप लाइन नहीं होने के कारण लोगों को पीने के पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई घरों में बुजुर्ग दंपत्ति रहते हैं, जिन्हें दूर से पानी लाने में कठिनाई होती है। मजबूरी में लोग अस्वच्छ पानी का उपयोग कर रहे हैं, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है।




# हिंगलाज सेना ने किया श्रीमद् भागवत में महाराज का सम्मान

**बरघाट नवभारत।** नगर में आयोजित श्रीमद भागवत के आयोजन में जगतगुरु स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज श्री द्वारा स्थापित संगठन हिंगलाज सेना के पधाधिकारी ने भगवत स्थल में पहुंचकर महाराज श्री का वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया ।

प्रदेश संगठन मंत्री संजय तिवारी ने बताया की नगर के महामाया मंदिर में आयोजित श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान के पावन अवसर पर हिंगलाज सेना पदाधिकारी श्री सुरेश मिश्रा, राजेंद्र तिवारी,सुनील अग्रवाल नगर संगठन मंत्री, गगन सूर्यवंशी, संतोष सूर्यवंशी, रामकुमार साहू, कमल सूर्यवंशी, श्रीमती रामकुमार साहू, श्रीमती ऋतु तिवारी, व अनेक सदस्यों द्वारा भगवत स्थल में पहुंचकर चित्रकूट की पावन धरा से बरघाट पधारे भागवताचार्य महाराज श्री का भव्य स्वागत कर नगर के लिए सुख शांति समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया । नगर में धार्मिक आयोजन करने पर आयोजक मंडल का भी आभार व्यक्त किया गया । संगठन मंत्री ने बताया की पूज्य जगतगुरु स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज ने हिंगलाज सेना का निर्माण समाज में नारी सम्मान, नशा मुक्ति, वा सनातन धर्म के प्रचार प्रसार वा धर्म की रक्षा के लिए किया है ।आज आयोजक मंडल द्वारा नगर में जो धार्मिक आयोजन किया जा रहा है उसके लिए हिंगलाज सेना अभिनंदन करती है । आशा करते है की हर सनातनी को अपने समर्थ अनुसार धार्मिक आयोजन करके सनातन की रक्षा वा प्रचार प्रसार किया जाना नितांत आवश्यक है जिसे आने वाली पीढ़ी को सनातन से परिचित कराया जा सके ।

# केवलारी स्टेशन में प्रारम्भ हुये विभिन्न विकास कार्य

**रेलवे स्टेशन को मिलेगा, नया रूप, नई पहचान**

**रेलवे ने मानी केवलारी जागरूक नागरिक मंच की जनहितैषी मांगें**



**केवलारी नवभारत।** नगर के सामाजिक कार्यों एवं जनहितैषी कार्यों में लगे केवलारी जागरूक नागरिक मंच की मांगें रेलवे ने स्वीकार कर प्रारम्भ किये गए विकास कार्य जिसकी बानगी केवलारी रेलवे स्टेशन में दिखने लगी हैं। केवलारी जागरूक नागरिक मंच के द्वारा लगातार रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, स्थानीय सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते के साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के डीआरएम दीपक कुमार गुप्ता को केवलारी रेलवे स्टेशन की जनहित में मांगों को लेकर पेंचव्हेली एक्सप्रेस ट्रेन के नैनपुर से इंदौर चालू होने के शुभारंभ के अवसर पर नगर के केवलारी जागरूक नागरिक मंच के सुधीर पाण्डे सांसद प्रतिनिधि, हाजी रफीक खान वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी एडवोकेट पवन यादव के द्वारा पेंचव्हेली एक्सप्रेस ट्रेन के शुभारंभ के अवसर पर नैनपुर रेलवे स्टेशन पहुंचकर, आदिवासी बहुल केवलारी विधानसभा क्षेत्र के मुख्यालय केवलारी स्टेशन में विभिन्न रेलवे सुविधाओं से जुड़े हुए जनहितैशी माँगो को लेकर सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते के माध्यम से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के डीआरएम दीपक कुमार गुप्ता के समक्ष विभिन्न माँगो का ज्ञापन दिया गया था। इन माँगो में प्रमुख रूप से केवलारी रेलवे स्टेशन में रीवा इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन का स्टापेज के साथ ही पलारी,घंसौर, ग्वारीघाट रेलवे स्टेशनों में सभी एक्सप्रेस ट्रेनों के 2 मिनिट के स्टापेज, केवलारी स्टेशन में रेलवे रिजर्वेशन की सुविधा ,प्लेटफार्म की लंबाई एवं ऊंचाई बढ़ाने के संबंध में ,रेलवे स्टेशन में बड़ी पानी टंकी के निर्माण, रेलवे रेक पॉइंट की लंबाई ब ?ाने एवं गरीब मजदूरों के लिए धूप गर्मी ठंड से बचाव हेतु विश्रामगृह एवं माल गोदाम सहित अन्य मांगे रखी गई थी जिस पर रेलवे विभाग के डीआरएम दीपक कुमार गुप्ता के द्वारा इन जनहित की माँगो ,कार्यों को लेकर गंभीरता दिखाते हुए रेलवे रिजर्वेशन खि ?की केवलारी स्टेशन में प्रारंभ किया गया ।साथ ही रेलवे रेक पॉइंट की लंबाई बढ़ाने का,पानी टंकी का निर्माण कार्य ,मालगोदाम, विश्रामालय के कार्यों के टेंडर बुलाकर सारे कार्य स्वीकृत करते हुए निर्माण कार्य केवलारी रेलवे स्टेशन में ब ?ी तेजी से प्रारम्भ कर दिया गया हैं। जिसकी बानगी यहां तेजी से चल रहे निर्माण कार्यों में देखी जा रही है ।साथ ही प्लेटफार्म की लंबाई और ऊँचाई ब ?ाने के दिशा में रेलवे ने कार्य प्रारम्भ कर दिया है। केवलारी क्षेत्र के नगरवासी, क्षेत्रवासी, ग्रामीण अंचलों के लोग 70 साल से जिन रेल सुविधाओं के लिए तरस रहे थे अब वह सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपनों साकार करने में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ ही सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते, डीआरएम दीपक कुमार गुप्ता के प्रयासों से ग्रामीण अंचल में रेल सुविधाओं के विकास कार्यों को लेकर आम जनता में खुशी की लहर देखी जा सकती है।

साथ ही केवलारी जागरुक मंच के सुधीर पाण्डे,रमाशंकर महोबिया,रफीक खान,राकेश आत्मपूज्य,मनीष जैन, राजू मेहरा,पवन यादव,बबलू खान, स्वपनिल उपाध्याय, प्रवीण दुबे,अशोक वंदेवार , नीलेश अवधिया, महेंद्र यादव , पवन बघेल मलारा, धरमचंद जैन,ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के डीआरएम दीपक कुमार गुप्ता से कुछ और माँगो के अंतर्गत रीवा इतवारी ट्रेन का केवलारी में 2 मिनट का स्टॉपेज के साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महत्वपूर्ण राजस्व आय देने वाले स्टेशन पलारी केवलारी घंसौर और ग्वारीघाट रेलवे स्टेशन में सभी एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टापेज की अपनी मांग को फिर से दोहराया है ।

**परेशानी** धान खरीदी केन्द्र में प्रदाय बारदानों में यूपी, बिहार का लेबल लगा होने के कारण केन्द्रों से जा रही धान के ट्रक वेयर हाउस में खाली नहीं हो रहे

# मिलर्स द्वारा प्रदाय घटिया बारदाने बने मुसीबत का कारण



**धारनाकला नवभारत।** धान खरीदी केन्द्रो मे मिलर्स के द्वारा प्रदाय यूपी बिहार का बारदाना वर्तमान मे धान खरीदी केन्द्रो के लिये परेशानी का सबब बना हुआ है खरीदी केन्द्रो मे मिलर्स के द्वारा प्रदाय घटिया बारदाना मे जहा भर्ती नही आ रही है वही दूसरी तरफ धान खरीदी केन्द्र मे प्रदाय बारदानो मे यू पी बिहार का लेबल लगा होने के कारण केन्द्रो से जा रही धान के ट्रक वेयर हाउस मे खाली नही हो रहे है साथ ही भर्ती को मैनेज करने के लिये खरीदी केन्द्रो से अतिरिक्त धान की बोरिया भरी जा रही और इन अतिरिक्त बोरियो का भुगतान भी समितियो तथा समूहो को करना पड रहा है जिसके चलते सभी धान खरीदी केन्द्रो मे परेशानी का माहोल बना हुआ है जिससे ऐसा प्रतीत होने लगा है की धान खरीदी केन्द्रो की परेशानी पर प्रशासन ध्यान देना ही उचित नही समझ रहा है।

### शुरूआत में ही परिवहन ने तोड़ा दम

यहा यह भी उल्लेखनीय है की जहा धान खरीदी केन्द्रो मे हजारो क्विंटल धान की खरीदी पोर्टल पर दर्ज हो चुकी है वही धान परिवहन की बात करे तो अनेको धान खरीदी केन्द्रो मे परिवहन की ठोस शुरूआत भी नही हो पाई है और आलम यह है की धान के अनेको स्टेग लगने के बाद भी खरीदी प्रांगण मे किसानो को धान प्रांगण मे गिराने के लिये जगह नही बची है ऐसी स्थिति मे खरीदी केन्द्र तो प्रभावित है ही साथ ही अपनी उपज समर्थन मूल्य मे बेचने के लिये किसान भी परेशान हो रहे है किन्तु इस दिशा मे ध्यान देने की आवश्यकता कोई नही समझ रहा है सिर्फ सबका ध्यान यू पी बिहार हरियाणा और पंजाब के लेबल वाले बारदानो पर है जो प्रशासनिक आदेश के तहत ही मिलर्सो के द्वारा खरीदी केन्द्रो मे परोसे गये है जिनका खामियाजा खरीदी केन्द्रो को भुगतना पड रहा हैयहा यह बताना भी लाजिमी है की पुराने बारदानो से भरे ट्रक गोदाम मे खाली न होने की स्थिति मे जिला खाद्य अधिकारी तथा जिले कलेक्टर शीतला पटले को इस बात से हमारे सम्वाद दाता ने अवगत कराया जिला कलेक्टर द्वारा बात को गम्भीरता से लेते हुऐ निर्देश देने के पश्चात खरीदी केन्द्रो से परिवहन पुराने ट्रको को गोदाम मे खाली करवाया गया।

### क्यो दिया गया यूपी, बिहार का घटिया बारदाना

उल्लेखनीय है की मध्य प्रदेश सिविल सप्लाईज कार्पो .लिमिटेड सिवनी के द्वारा पुराने बारदाने खरीदी केन्द्र मे प्रदाय के निर्देश जिले के राईस मिलर्सो के प्राप्त हुऐ थे साथ ही यह भी निर्देश थे की खरीदी केन्द्रो मे एक भर्ती बारदाना प्रदाय किया जाये किन्तु जिले के खरीदी केन्द्रो मे यू पी बिहार के लेबल लगे बारदानो के साथ साथ घटिया स्तर का फटेहाल बारदाने मिलर्स द्वारा परोस दिये गये जिन बारदानो मे /40 किलो धान की भर्ती भी नही आ रही है साथ ही छोटे तथा मरम्मत युक्त बारदाना जिनका इस्तेमाल अनेको बार हो चुका है ऐसे फटेहाल बारदानो मे खरीदी केन्द्रो मे किसानो की धान तुलाई भी हो गई किन्तु धान परिवहन करने के पश्चात यही बारदाना वेयर हाउस मे खाली नही किये जा रहे है तथा ऐसे फटेहाल बारदानो की ऐवज मे दूसरे बारदाने की मांग केन्द्र प्रभारी से की जा रही है और इसके लिये धान खरीदी प्रभारी को ही अथवा समिति तथा समूहो को दोषी ठहराया जा रहा है किन्तु बारदाना प्रदाय के निर्देश के तहत जब यू पी बिहार के बारदाने जो अनेको बार इस्तेमाल हो चुके है जो खरीदी केन्द्रो मे परोसे गये उन पर विभाग का ध्यान क्यो नही समझ से परे है ।

# नागपुर रोड अस्थायी रूप से बंद, 31 मार्च तक ट्रैफिक डायवर्सन लागू

**सिवनी नवभारत।** नागपुर रोड पर निर्माणाधीन रेलवे ब्रिज के कार्य के दौरान आम नागरिकों की सुरक्षा एवं संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से मार्ग को अस्थायी रूप से बंद किया गया है। अनुविभागीय दण्डाधिकारी के आदेश के तहत लागू किया गया है। आदेश के अनुसार छिंदवाड़ा चौक से नागपुर रोड (ग्राम खैरीटेक की ओर) जाने वाला मार्ग 19 दिसंबर 2025 से 31 मार्च 2026 तक पूर्णत: अस्थायी रूप से बंद रहेगा। छिंदवाडा चौक से नागपुर रोड की ओर जाने वाले दोपहिया, चारपहिया, यात्री वाहन, भारी मालवाहक एवं अन्य सभी वाहन वैकल्पिक मार्ग के रूप में छिंदवाड़ा चौक से छिंदवाड़ा ब्रिज होते हुए नागपुर की ओर आवागमन कर सकेंगे। रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले नागरिक, दोपहिया एवं हल्के चारपहिया वाहन कटंगी रोड या बालाघाट रोड के माध्यम से रेलवे स्टेशन सिवनी पहुंच सकेंगे।




## कार्यालय नगर परिषद केवलारी, जिला-सिवनी म0प्र0

पुलिस थाना के पास केवलारी जिला-सिवनी (म0प्र0) Email-cmokewlari@mpurban.gov

// निविदा सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2025_UAD_469873_1 Dtd. 19-12-2025 NIT No 1466/NP/2025 | निकाय में विभिन्न शाखाओं में कार्य हेतु कुशल, अर्द्धकुशल एवं अकुशल श्रमिकों को रखे जाने के संबंध में निवादा | 12 माह, 1,60,00,000/- | 16,000/- 80,000/- | 24-01-2026 |
| 2025_UAD_469873_1 Dtd. 19-12-2025 NIT No 1467/PWP/2025 | वार्ड क्र. 01 घुडसार से बड़ी नहर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 03 माह, 65,20,884/- | 5,000/- 49,000/- | 24-01-2026 |
| 2025_UAD_469873_1 Dtd. 19-12-2025 NIT No 1467/ PWP /2025 | वार्ड क्र. 02 देवकरण टोला में हनुमान मंदिर के पास एवं कन्हैया ठाकुर के मोहल्ले में सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 03 माह, 17,70,579/- | 2,000/- 13,200/- | 24-01-2026 |
| 2025_UAD_469873_1 Dtd. 19-12-2025 NIT No 1467/ PWP /2025 | वार्ड क्र. 02 डोभ में महेश कुमार ग्यारसिया के घर से मेन रोड तक दिलीप ठाकुर के घर से चुन्नी लाल बघेल के घर तक, घनश्याम बघेल के घर से मेन रोड, विपिन बघेल के घर से नरेन्द्र बघेल के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 03 माह, 17,70,579/- | 2,000/- 13,300/- | 24-01-2026 |
| 2025_UAD_469873_1 Dtd. 19-12-2025 NIT No 1467/ PWP /2025 | वार्ड क्र. 01 मलारा में आंगनवाड़ी से नरेश बंदेवार के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 03 माह, 17,64,801/- | 2,000/- 13,300/- | 24-01-2026 |

शर्त - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद, केवलारी